## सार-समाचार

### विस्फोट होने से युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के गोवर्धन विलास ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित गैराज में डीजल टैंक की वेल्डींग करने के दौरान विस्फोट होने से युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार शनिवार दोपहर में गोवर्धन विलास हाइवे ट्रांसपोर्ट नगर स्थित दीवानशाह गैराज में विस्फोट होने से गैराज मालिक दिवानशाह कॉलोनी गली नं. 7 पटेल सर्कल निवासी मुख्तियार (40) पुत्र जब्बार खां की मौत हो गई। दोपहर में टेंकर चालक डीजल टेंक की रिपेयरिंग करवाने के लिए टेंकर लेकर आया था। इस पर मुख्तियार ने उसे टेंक की सर्विस करवाने के संबंध में पूछताछ की तो चालक सर्विस करवा रखी है तथा मौके पर ही टेकर छोड कर चालक व खलासी चले गए। कुछ समय बाद मुख्तियार ने टेंकर से टैंक खोल कर रिपेयरिंग का काम शुरू किया। कि कुछ ही देर बाद धमाकेदार विस्फोट हो गया। जिससे मुख्यिार गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर एएसआई मनोहरलाल बरगोट ने मौके पर पहुंच कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने टेंकर जब्त कर चालक व खलासी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हमले में युवक घायल

**उदयपुर, (कासं)।** आपसी विवाद में आरोपी चाकू से हमला कर दो भाईयों को घायल कर फरार हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर में रजानगर किशनपोल निवासी इकराम पुत्र वहीद खां तथा उसके भाई शेफ पर रजाक नगर निवासीआकीब पुत्र असलम खां ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हमले में इकराम के कुल्हे पर तथा शेफ के पेट में चाकू लगने से गंभीर घायल हो गया। जिन्हें परिजनों ने उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। शुक्रवार को नमाज से लौटते समय आकीब के पुत्र से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच राजीनामा हो गया था। कुछ देर बाद इसका पता चलने पर आवेश में आए आरोपी मौके पर पहुंच कर दोनों भाईयों पर चाकू से हमला कर फरार हो गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच एएसआई मांगीलाल कर रहे है।

### दुष्कर्म का मामला

**उदयपुर, (कासं)।**पीड़िता को होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी व साथी के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पीड़िता ने आरोपी आरामशीन के पास चिकलवास बड़गांव निवासी निर्मल सेन पुत्र मांगीलाल तथा परशुराम चौराया कुम्हारों के भट्टे के पास रहने वाले अनुजसिंह राजावत के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि वर्ष 2018 से आरोपी निर्मल से संपर्क है। गत दिनों आरोपी व साथी मुझे अपने साथ होटल में ले गए। जहां मेरे साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच पुलिस उप अधीक्षक चेतना भाटी कर रही है।

### धमकाने का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ महिला व परिजनों को मकान पर कब्जा करने की धमकी देने का मामला दर्ज किया। हरिदासजी की मगरी निवासी शकुंतला पंवार पत्नी गोवर्धन पंवार ने मल्लातलाई निवासी अब्दुल लतीफ मंसूरी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि आरोपी से रूपये उधार ले रखे है। जिसकों लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा है। गत दिनों आया आरोपी मकान पर कब्जा करने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### आईटी एक्ट में मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** मोबाईल पर बातचीत करने के दौरान पीड़िता का अश्लील वीडियों तैयार कर सोशल साईड पर वायरल करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने माली खेड़ा केरवावाल अलवर निवासी मनीष पुत्र बाबुलाल बैरवा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि आरोपी से मेरा संपर्क हैं गत दिनों मोबाईल पर बातचीत करने के दौरान आरोपी ने मेरा अश्लील वीड़ियों तैयारकर लिया तथा 17 जुलाई 2022 को उक्त वीड़ियों वायरल कर दिया। परिचितों द्वारा जानकारी देने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। प्रकरण की जांच गोवर्धन विलास थानाधिकारी चेलसिंह कर रहे है।

### चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** मकान मालिक के घर से जेवरात चोरी करने के मामले में किराएदार महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीडित बेडवास निवासीकिशन पुत्र लालसिंह राठौड ने अपने मकान में रहने वाले किराएदार शंकरनाथ सोलंकी व उसकी पत्नी मीना वैष्णव के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि आरोपी मकान में किराएदार है । गत दिनों मेरी पत्नी के पीहर गंगापुर गए थे।इस दौरान मकान की चाबी उन्हें देकर गए। वापस लौटे तो किराएदार नही थे एवं मकान से सोने का नेकलेस, दो अंगुठियां, एयरिंग गायब थे। इसपर शंका के आधार पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया था। इस मामले में अनुसंधान अधिकारी हेडकांस्टैबल लालसिंह ने आरोपी मीना वैष्णव को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि मीना बीमार रहती थी जिसके उपचार कराने के लिए उसने जेवरात चोरी किए तथा फतहपुरा स्थित फाईनेन्स कंपनी में जेवरात गिरवी रख कर 1 लाख 12 हजार रूपये ऋण लेने की जानकारी सामने आई है।

### उदयपुर जिले में 45 कोरोना पॉजिटिव

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले में कोरोना का कहर शनिवार को भी जारी रहा जहां 45 कोरोना संक्रमित चिन्हित किये गए।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एल. बामनिया ने बताया कि आज प्राप्त 779 जांच रिपोर्टस में से 45 पॉजीटिव मिले। आज भी शहरी इलाके में ही स्थिति विस्फोटक दिखी जहाँ 35 संक्रमित मिले जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 10 संक्रमित मिले। जिले में एक्टिव रोगियों की संख्या 176 हो गई है। इन में से दो रोगी अस्पताल में भर्ती है जबकि 174 एक्टिव रोगी होम आइसोलेशन में है।

### कलेक्टर ने लम्पी डिजीज से निपटने के लिए दिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

**उदयपुर, (कासं)।** भारत सरकार एवं पशुपालन निदेशालय राजस्थान के दिशा-निर्देशानुसार पशुपालन विभाग द्वारा लम्पी स्किन डिजीज से निपटने के लिए जिले की समस्त संस्थाओं को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए है। जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने विभागीय अधिकारियों व समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को सतर्क रहने व राज्य सरकार के निर्देशानुसार त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिये है।

# लंपी रोग की रोकथाम हेतु राज्य सरकार प्रयासरत : जाट

**उदयपुर, (कासं)।** प्रभारी मंत्री एवं राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने शनिवार को विभिन्न गांवों का भ्रमण कर लंपी रोग की स्थिति का जायजा लिया। मंत्री जाट सायं सायरा स्थित उमरना गौशाला पहुंचे जहां गोवंश की स्थिति को देखा। उन्होंने रोगग्रस्त गोवंश को अलग रखने और समस्त एहतियात बरतने के निर्देश दिए।

जसवंतगढ़ गांव में पहुंचकर मंत्री ने ग्रामीणों से संवाद किया एवं उन्हें लंपी रोग के प्रति जागरूक कर सावधानी बरतने के निर्देश दिए। मंत्री जाट ने कहा कि गोवंश की रक्षा के लिए वह अपने पशुओं में किसी भी प्रकार के रोग का लक्षण होते ही समीप के पशु चिकित्सालय प्रभारी को अवगत करावे ताकि समय रहते उनको उचित चिकित्सा सेवा दी जा सके। इस दौरान संयुक्त निदेशक पशुपालन ने ग्रामीणों को रोग से बचाव के उपायों को विस्तृत जानकारी दी।

मंत्री इसके बाद गोगुंदा के मजावड़ी पहुंचे जहां रोग ग्रस्त पशुओं को देख उनके उपचार की जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्र के अन्य पशुओं में भी इस प्रकार के लक्षणों के बारे में ग्रामीणों से पूछा और चिकित्सकों को आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सकों को उत्कृष्ट स्तर का उपचार गोवंश को देने के निर्देश दिए। यहां भी मंत्री ने जनसंवाद कर लैंपी रोग के प्रति सभी को जागरूक किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री मांगीलाल गरासिया व समाजसेवी लालसिंह झाला सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व अधिकारी भी उनके साथ थे। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक सूर्य प्रकाश सिंह, उप निदेशक शक्ति सिंह, सुनील वार्जुलकर नोडल अधिकारी, तहसीलदार रविंद्र सिंह, पशुधन सहायक लालसिंह सहित स्थानीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



उदयपुर प्रभारी मंत्री एवं राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने सायरा-गोगुन्दा का दौरा किया।

## एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं आदान वितरण कार्यक्रम

**उदयपुर, (कासं)।** एमपीयुएटी में संचालित अखिल भारतीय समन्वित फल परियोजना द्वारा विश्वविद्यालय के गौद लिए गांव मदार में फलों की वैज्ञानिक तरीके से खेती अपनाने हेतु एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं आदान वितरण कार्यक्रम हुआ। जिसमें 40 किसानों ने भाग लिया। किसानों को फलों की उन्नत किस्मों तथा फल बाडी लगाने की वैज्ञानिक तकनीकों के बारे में विषय विशेषज्ञों डॉ. के.के. यादव, डॉ. के.डी. आमेटा, डॉ. दीपक जैन ने जानकारी दी। किसानों को अमरुद, आम के साथ पपीता, उनके थांवलो में कंद-मूल वाली फसलें और पेडों के बीच में मौसमी सब्जियां उगाकर अधिक लाभ कमाने की सलाह दी।

# कर्म से होती है कौशल की प्राप्ति : बामणिया

**उदयपुर, (कासं)।** जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ में उदयपुर के सीएमएचओ डॉ. शंकर लाल बामणिया का सम्मान कुलपति प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत ने ओपरणा, शाल ओढ़ा कर व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया।

समारोह में बामणिया ने कहा कि गीता के अनुसार कर्म से कौशल की प्राप्ति होती है, उनका जीवन भी ग्रामीण परिवेश से प्रारम्भ होकर फिर कर्म के जरिए ही स्तरीय होता गया। चिकित्सक को सबसे पहले चिकित्सा धर्म की पालना करनी चाहिए। कोविड का काल अत्यंत चुनौतीपूर्ण था, विशेषत: उदयपुर के लिए। यहाँ उदयपुर, उसके आसपास और मध्य प्रदेश तक से रोगी आए और ठीक होकर गए। इस हेतु डॉक्टर्स ने मेहनत की। डॉ. बामणिया विद्यापीठ के संगीत विभाग के छात्र भी हैं। उनके द्वारा कोविड वायरस संक्रमण के फैलाव को रोकने एवं आमजन के बचाव की दिशा में कोरोना काल में किए गए कार्य सराहनीय हैं। कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी मे बिना जान की परवाह किए मानव कल्याण हेतु जो कार्य डॉ. बामणिया ने किए हैं, वे नि:संदेह उत्तम हैं।





उदयपुर में डॉ. शंकर लाल बामणिया का प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत ने सम्मान किया।

# साक्षर को शिक्षित करना सबसे बड़ी चुनौती : डा.एम.पी. सिंह

**बांसवाड़ा, (निसं)।** भारतीय ज्ञान पद्धति में जिस आधारभूत ध्येयों, ज्ञान, प्रज्ञा एवं सत्य की शाश्वतता सिद्ध हुई इसी उदेश्य की पूर्ति को साधने का संकल्प एवं रोड मैप है "नई शिक्षा नीति 2020" पुरातन विधा में माना गया है कि विद्या ददाति विनयम में विद्या से पात्रता आती है पात्रता से धन प्राप्त होता है जिससे हम धर्म के कार्य करते है। और हमें सुख की प्राप्ति होती है। इसी कसौटी पर परखे तो हम पाते है कि आज की शिक्षा पद्धति एवं व्यवस्था में अनेक प्रश्न चिन्ह खडे होते है। आज एक विकसित एवं समृद्ध राष्ट्र की संकल्पना के मानक देखे तो हमारी साक्षरता की दर कहीं मानको से परे है। आज की व्यवस्थाओं में सामाजिक एवं अन्य बहुतेरे भेदभाव स्कूल समय से ही शुरू हो जाते है। एक गरीब एवं निर्धन हेतु अलग एवं एक समृद्ध हेतु अलग शिक्षा व्यवस्था समाज की विसंगत व्यवस्था है जो भावी जीवन की अनेक भेदभावों की नींव तैयार करती है। उच्च शिक्षा केवल मॉस शिक्षा बन गई है जो क्वालिटी एज्युकेशन से कोसो दूर है। ऐसी स्थिति में अपने आप में एक पूर्ण शिक्षा व्यवस्था को लेकर संकल्पित नई शिक्षा नीति एक आशा का संचार करती है। साथ ही यथार्थ स्वरूप हमें सोचने हेतु विवश करता है। कि आज भी विश्व स्तरीय अनेक खिलाड़ी, वैज्ञानिक उपकरण अविष्कार आदि देने वाला राष्ट्र शिक्षा के क्षैत्र में विश्वस्तरीय संस्थान क्यों नहीं मुहैया करा पाया है।

- **नई शिक्षा नीति और उच्च शिक्षा पर जीजीटीयू बांसवाड़ा का एक दिवसीय कांफ्रेस सम्पन्न**

शिक्षा जो व्यक्तित्व परिवर्तन का सबसे बडा आधार है क्या अपने उदेश्यों मे पूरा हो पाया है।

आज भी सरकारें शिक्षा पर कुल सकल घरेलू उत्पाद का निर्धारित 6 फीसदी निवेश नहीं कर पाया है आज भी शिक्षा देने के माध्यम अनुसुलझा हुआ है। आज की शिक्षा व्यवस्था एवं औद्योगिक उपक्रम के बीच सार्थक संवाद और सम्पर्क नहीं है। आज गुणवत्ता शिक्षा देना एवं मूल्यांकन करना सबसे बडी आवश्यकता है।

उक्त विचार प्रो.पी.के.सिंह, डीन कामर्स एवं मैनेजमेंट सुखाडिया विवि उदयपुर ने जीजीटीयू द्वारा नई शिक्षा नीति और उच्च शिक्षा विषय पर भारतीय विद्या मंदिर संस्थान के रामानंद सभागार में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेस में बतौर बीज व्यक्तकार के रूप में बोलते हुए व्यक्त किए। इस राष्ट्रीय कांफ्रेस में 270 शोधार्थियों, विषय विशेषज्ञों, अकादमिक ने सहभागिता की एवं शोध पत्र प्रस्तुत किए। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.डी.एस.चुण्डावत, वाइस चेयरमेन राज्य उच्च शिक्षा काउन्सिल ने नई शिक्षा नीति में उल्लिखित कौशला दक्षता और स्व रोजगार पर विशेष बल देते हुए कहा कि शिक्षा पर निर्भरता नहीं सिखाती अपितु स्वावलम्बन का पाठ पढाती है। विशिष्ट अतिथि राजस्थान विवि के कुलपति प्रो.राजीव जैन ने नई शिक्षा नीति के सबसे ज्यादा चर्चित विषय मल्टी लेवल एंट्री, मल्टी लेवल एग्जिट को विस्तार से स्पष्ट करते हुए बताया कि नई शिक्षा नीति का सबसे बडी खुबसूरती इसी मे है कि अब विषय एवं विधाओं की सीमाएं एवं बाध्यताएं बीते कल की बात हो जाएगी। उदघाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए जीजीटीयू एवं सुखाडिया यूनिर्वसिटी के कुलपति प्रो.आई.वी.त्रिवेदी ने कहा कि नई शिक्षा नीति किस प्रकार सभी के कल्याण का हेतु बने इससे सभी प्रकार की सुविधाओं से वंचित क्षैत्रों ओर जनजाती अंचल के विकास हेतु किस प्रकार उपयोगी बनेगा यह भी महत्वपूर्ण रूप से विचारणीय है। पुराने समय में शिक्षाविदों द्वारा जताया संकल्प नेबरिंग स्कूल जैसा ही कोई ऐसी व्यवस्था हो जहां शिक्षा के सार्वजनीकरण और सभी भेदभावों से परे शिक्षा व्यवस्था बन सके यह आज की सबसे बडी आवश्यकता है। ऐसे आयोजनों एवं कांफ्रेस में हुए विमर्श उपरांत निष्कर्षो के बांसवाड़ा कानक्लेव रूप में उच्च नियामक संस्थानों को भेजे जाने से ही जनजाती एवं देश के सभी उच्च सुविधाओं से रहित क्षैत्रों के समग्र विकास को एक दिशा मिलेगी।

## अमृत महोत्सव में ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग करेगा सहयोग

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संगठन मंत्री के लिखित समझौते की पालना नहीं होने से विवश होकर वादाखिलाफी आक्रोश आंदोलन के तहत 4 अगस्त से कलम बंद असहयोग आंदोलन कर रहा है।

संगठन के प्रदेश मंत्री हेमंत पालीवाल ने बताया कि राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संगठन सदैव ही सामाजिक सरोकारों तथा राष्ट्रीय व राज्य हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहा है,वर्तमान में संगठन मंत्री का लिखित व हस्ताक्षरित समझौते को लागू करवाने हेतु असहयोग आंदोलन कर रहा है। लेकिन विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रदेश के गोवंश में लम्पी वायरस नामक भयानक संक्राम बीमारी फैल रही है जिससे हजारों गोवंश काल का ग्रास बन चुके हैं तथा पशु चिकित्सा विभाग के पास पर्याप्त संख्या में मानव संसाधन भी उपलब्ध नहीं है। इन सभी परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग ने प्रदेश के गोवंश में फैल रही इस महामारी में शासन व सरकार का पूर्ण सहयोग करने का निर्णय लिया है। साथ ही आजादी के 75 वर्षगांठ पर मनाए जा रहे महापर्व आजादी के अमृत महोत्सव के तहत घर-घर झंडा वितरण सहित समस्त गतिविधियों में भी ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग ने पूर्ण संवेदनशीलता से सहयोग करने का निर्णय लिया है।

## सार-समाचार

### पोस्टर का विमोचन



**उदयपुर, (कासं)।** नारायण सेवा संस्थान और डिफरेंटली एबल्ट क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीसीआई) के संयुक्त तत्वावधान में 27 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक उदयपुर में तीसरी नेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट चैम्पियनशिप होगी। डीसीसीआई के सचिव रविकांत चौहान, संयुक्त सचिव अभय प्रताप सिंह, पैरा ऑलम्पियन कोच महावीर प्रसाद सैनी व संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल के मध्य बैठक के बाद सप्त दिवसीय आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में संस्थान के विष्णु शर्मा हितैषी, भगवान प्रसाद् गौड़, रोहित तिवारी, रविश कावडिया व रजत भी उपस्थित थे। डीसीसीआई सचिव ने बताया कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड एवं पैरालम्पिक कमेटी ऑफ इंडिया (पीसीसीआई) से मान्य यह विश्व की सबसे बडी व्हीलचेयर क्रिकेट स्पर्धा है। इसमें 16 टीमों के 300 से अधिक क्रिकेटर, अधिकारी, कोच व निर्णायक भाग लेंगे। बैठक में नेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट चैम्पियनशिप-2022 के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि दिव्यांग खिलाडियों के इस क्रिकेट महाकुंभ की तैयारियां आरंभ कर दी गई है। शहर के सुविधायुक्त मैदानों पर रोजाना मैच सम्पन्न कराए जाएंगे। खिलाडियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्थान पूर्व में भी ब्लाइंड क्रिकेट एवं पैरा स्वीमिंग की राष्ट्रीय स्पर्धाएं करवा चुका है।

### प्रधानाचार्य वाकपीठ का समापन



**उदयपुर, (कासं)।** कुराबड ब्लॉक की प्रधानाचार्य वाकपीठ का समापन समारोह सीबीईओ कुंज बिहारी भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अतिथि के रूप में एकीकृत के प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया , एसीबीओ भीमराज मीणा द्वारा विद्यांजलि पोर्टल पर वार्ता, डाइट प्राध्यापक हरिदत्त शर्मा द्वारा गुरु शिष्य परंपरा पर विचार,अध्यक्ष नवनीत मेहता, सचिव सत्यप्रिय द्वारा दो दिवसीय प्रतिवेदन का वाचन किया। कुराबड ब्लॉक के शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले संस्था प्रधान का स्वागत अभिनंदन किया गया आगामी 2 वर्ष के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें रमेश हरकावत अध्यक्ष, राजेंद्र शर्मा सचिव ,जसवंत राय कोषाध्यक्ष, विजयलक्ष्मी सारस्वत उपाध्यक्ष एवं अतुल शांडिल्य सह सचिव सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए जिन्हें सीबीईओ भारद्वाज द्वारा शपथ ग्रहण करवाई गई संचालन सचिव सत्यप्रिय द्वारा किया।

### शहीद भगत सिंह नाटक का मंचन

**उदयपुर,।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर द्वारा रविवार को सांय 7 बजे शिल्पग्राम में स्थिति दर्पण सभागार में नाटक शहीद भगत सिंह का मंचन होगा । नाट्य प्रेमियो के लिए प्रवेश नि:शुल्क रहेगा ।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है स्टेट कि लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी जयपुर (राज.) के पत्रक्रमांक F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B2 (20624)/2021-22, दिनांक 15/06/2022 द्वारामैसर्स भूमिराज ग्रेनाईट निकट ग्राम धानिन,तहसील गढबोर, जिला राजसमंद, में स्थित एम.एल.नम्बर 07/2021 ( रेफरेन्स नम्बर 2021000045788), क्षैत्रफल 3.8731 हैक्टयर, उत्पादनक्षमता 309104 TAP (ROM) वास्तेखनिज ग्रेनाईट के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स जारी की गई है। पर्यावरण क्लीरियेन्स की प्रति राजस्थान प्रदुषण नियंत्रण मण्डल (राज.) (SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध है।

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India हर भारतीय का बैंक THE BANKER TO EVERY INDIAN

**भारतीय स्टेट बैंक**
**शाखा- चुंडावाड़ा, जिला-डूंगरपुर, (राज.)**

**आधिपत्य सूचना** परिशिष्ट-IV नियम 8(I) देखें

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, **भारतीय स्टेट बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा **13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 3** के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधकर्ता) **मैसर्स कुमार ट्रेडिंग एंड बिजनेस जरिए प्रोपराइटर श्री बंसी लाल कलाल पुत्र श्री रतन लाल कलाल** को मांगनी करते हुए, मांग सूचना पत्र दिनांकित **12/05/2022 को रूपये 13,21,354/- (रुपये तेरह लाख इक्कीस हजार तीन सौ चौवन मात्र) दिनांक 12/05/2022** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्च/लागत सूचना-पत्र में उल्लेखित राशि को 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती)के वह राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणग्रहिता को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य **दिनांक 01 माह अगस्त वर्ष 2022** को ग्रहण कर लिया हैं। "प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।" ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधककर्ता) को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार **रूपयें 13,21,354/- दिनांक 12/05/2022** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्च/लागत के लिये **भारतीय स्टेट बैंक** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

*स्थावर सम्पत्ति का विवरण*

**श्री बंसी लाल कलाल पुत्र श्री रतन लाल कलाल** की सम्पत्ति जो की **वीपीओ-मोदर, बिछीवाड़ा, तहसील और जिला डूंगरपुर राजस्थान में स्थित है।** जिसमें भूमि, भवन, ढांचा आदि जो सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है **जिसकी माप लगभग 3500 वर्ग फीट है।**

| | | |
|---|---|---|
| चतु: सीमाऐं: | पूर्व में : सीसी रोड़ | पश्चिम में : चुन्नी लाल की भूमि |
| | उत्तर में : मानी लाल की भूमि | दक्षिण में : चुन्नी लाल जी कलाल की भूमि |

**दिनांक : 01/08/2022**
**स्थान : बिछीवाड़ा, डूंगरपुर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**भारतीय स्टेट बैंक**

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

विधि/वसूली विभाग, मंडल कार्यालय, उदयपुर
एलआईसी भवन, तीसरा तल, सबसिटी सेन्टर, रेती स्टेण्ड के पास, उदयपुर
फोन नंबर: 0294-2688008/09/22/26, ई-मेल: cs8328@pnb.co.in

**प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8( 1 ) देखें]**
**कब्जा सूचना ( अचल सम्पत्ति के लिए )**

जबकि
अधोहस्ताक्षरकर्ता **देवेन्द्र सिंह चुण्डावत** ने **पंजाब नैशनल बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 सपठित, प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में ऋणी **श्रीमती रेखा देवी खटीक पत्नी श्री चांद मल आमेरिया एवं श्री चांद मल आमेरिया पुत्र स्व. श्री देवी लाल जी आमेरिया** पर मांग सूचना **दिनांक 27.04.2022** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 31.03.2022 को बकाया राशि रू. 13,53,045.62 ( रूपये तेरह लाख तिरपन हजार पैंतालीस एवं पैसे बासठ मात्र ) प्लस दिनांक 01.04.2022 से ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 01, माह अगस्त, वर्ष 2022** को उक्त अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।
कर्जदारों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 31.07.2022 को बकाया राशि रू. 13,49,834.62 ( रूपये तेरह लाख उनचास हजार आठ सौ चौंतीस एवं पैसे बासठ मात्र ) प्लस दिनांक 01.08.2022 से ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **पंजाब नैशनल बैंक, मीरा नगर शाखा, चित्तौड़गढ़, राजस्थान** के प्रभार के अधीन होगा।

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री चांद मल आमेरिया पुत्र स्व. श्री देवी लाल जी आमेरिया के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति जो 294, सेक्टर नं. 5 के पास, गांधी नगर, चित्तौड़गढ़, राजस्थान-312001 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1225.00 वर्ग फीट है। सीमाएं-उत्तर: प्लॉट नं. 293, दक्षिण: प्लॉट नं. 295, पूर्व: रोड़ 30' चौड़ी, पश्चिम: प्लॉट नं. 157

हस्ता.
( देवेन्द्र सिंह चुण्डावत )
प्राधिकृत अधिकारी/मुख्य प्रबन्धक, पंजाब नैशनल बैंक

स्थान: चित्तौड़गढ़
दिनांक: 01.08.2022

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

विधि/वसूली विभाग, मंडल कार्यालय, उदयपुर
एलआईसी भवन, तीसरा तल, सबसिटी सेन्टर, रेती स्टेण्ड के पास, उदयपुर
फोन नंबर: 0294-2688008/09/22/26, ई-मेल: cs8328@pnb.co.in

**प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8( 1 ) देखें]**
**कब्जा सूचना ( अचल सम्पत्ति के लिए )**

जबकि
अधोहस्ताक्षरकर्ता **देवेन्द्र सिंह चुण्डावत** ने **पंजाब नैशनल बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 सपठित, प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में ऋणी **श्री मूल चंद मोड़ पुत्र श्री राम चन्द्र मोड़ एवं श्रीमती प्रार्थना मोड़ पत्नी श्री मूल चंद मोड़** पर मांग सूचना **दिनांक 02.05.2022** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 30.04.2022 को बकाया राशि रू. 26,11,018.00 ( रूपये छब्बीस लाख ग्यारह हजार अठारह मात्र ) प्लस दिनांक 01.05.2022 से ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 01, माह अगस्त, वर्ष 2022** को उक्त अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।
कर्जदारों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 31.07.2022 को बकाया राशि रू. 26,71,846.00 ( रूपये छब्बीस लाख इकहतर हजार आठ सौ छ्यालिस मात्र ) प्लस दिनांक 01.08.2022 से ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **पंजाब नैशनल बैंक, सदर बाजार शाखा, चित्तौड़गढ़, राजस्थान** के प्रभार के अधीन होगा।

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्रीमती प्रार्थना मोड़ पत्नी श्री मूल चंद मोड़ के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति जो 52 आदर्श जी.एन.एस.एस. लिमिटेड, आदर्श नगर ( गुरूकुल रोड़ ) रेल्वे स्टेशन पूर्व, खमेसरा नगर के पास, चित्तौड़गढ़, राजस्थान-312001 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1800 वर्ग फीट है। सीमाएं-उत्तर: प्लॉट नं. 51, दक्षिण: प्लॉट नं. 53, पूर्व: प्लॉट नं. 47, पश्चिम: रोड़ 30' चौड़ी

हस्ता.
( देवेन्द्र सिंह चुण्डावत )
प्राधिकृत अधिकारी/मुख्य प्रबन्धक, पंजाब नैशनल बैंक

स्थान: चित्तौड़गढ़
दिनांक: 01.08.2022

## कटारिया ने किया फूलों की घाटी का निरीक्षण

**उदयपुर,(निसं)।** गुलाब चंद कटारिया नेता प्रतिप्रक्ष ने शनिवार को पुरोहितों का तालाब व फूलों की घाटी का निरीक्षण किया। इस दौरान कटारिया ने फूलों की घाटी में पोधो व हरियाली की बढत पर संतोष व्यक्त किया। आने वाले पर्यटकों के लिए सुविधाएं , प्रकृति के अनुरूप विकसित करने का वन अधिकारियों को सुझाव दिया द्य पुरोहितों का तालाब पर भी पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित करने व झील की ओर सुरक्षा हेतु लोहे की रेलिंग लगाने हेतु नगर विकास प्रन्यास के अधिकारियों को निर्देश दिए। पुरोहितों का तालाब का पर्यटकों के बीच व विवाह समारोह के दिनों में फोटोग्राफी की लोकप्रियता पर संतोष व्यक्त किया कि इस तरह के पर्यटन स्थल जो उदयपुर के आस पास विकसित होने से पर्यटकों का उदयपुर में ठहराव बढेगा जिससे यहां की अर्थ व्यवस्था , आमदनी में वृद्धि होगा।

# शिक्षकों के स्थानांतरण शुरू करने की मांग

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान के शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर शिक्षा मंत्री डॉ बी डी कल्ला से जन सुनवाई के दौरान मुलाकात कर स्थानांतरण शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की गई।

एकीकृत के प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया ने बताया कि पिछले माह जयपुर में शहीद स्मारक पर एकीकृत द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया परिणाम स्वरूप उसी दिन राज्य सरकार द्वारा स्थानांतरण से प्रतिबंध हटाया गया था जिसे भी दो माह का समय हो गया है। राजस्थान सरकार के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार अभी तक जुलाई माह पूरा बीत जाने के बावजूद भी लाखों विद्यार्थियों अभिभावकों एवं शिक्षकों के असमंजस को दूर करने में विफल रही है जिससे राजस्थान के समस्त शिक्षकों में, अभिभावकों, कर्मचारियों एवं बच्चों में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है कि वह कहां पर किस विद्यालय में अपने बच्चों का एडमिशन कराएं वही शिक्षक भी पशोपेश में है कि उन्हें किस विद्यालय में कब कार्य मुक्त होना है तथा अपने परिवार एवं बच्चों को कहां शिफ्ट करना है ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा ना तो स्थानांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है ना ही स्थानांतरण संबंधी कोई कैलेंडर घोषित किया गया है । यहां यह भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि शिक्षकों को स्थानांतरण जैसे मुद्दों के लिए आंदोलन के लिए मजबूर होना पड रहा है आंदोलन के द्वितीय चरण में 10 अगस्त को शहीद स्मारक पर राज्य के समस्त शिक्षक सामूहिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे तथा शीघ्र ही सरकार से स्थानांतरण प्रारंभ कर स्थानांतरण कैलेंडर घोषित करने की मांग करेंगे।

- **10 अगस्त को हड़ताल पर रहेंगे शिक्षक**

राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज शर्मा महामंत्री विपिन जैन संगठन मंत्री चंद्रभान चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण जोशी महिला प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा सोलंकी महिला प्रदेश संयोजक रेखा शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रजापति आदि ने संयुक्त आव्हान कर सरकार से लोहा लेने की कमर कस ली है इसी क्रम में 8 अगस्त को शहीद स्मारक पर राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन कर सरकार को घेरने का प्रयास होगा

हालांकि राजस्थान के शिक्षा मंत्री डॉ बी डी कल्ला जैसे अनुभवी परिपक्व एवं निष्कलंक शिक्षाविद को शिक्षा मंत्री बनाए जाने से शिक्षकों में पारदर्शी एवं नीतिगत स्थानांतरण करने की लाखों शिक्षकों में आस जगी है उन्होंने बताया कि सरकार की इच्छाशक्ति हो तो अधिकतम ग्रामीण ठहराव एवं शहरी ठहराव तथा पिछले 3 वर्षो के परीक्षा परिणाम के आधार पर सरकार तृतीय श्रेणी शिक्षकों से लेकर प्रधानाचार्य तक के स्थानांतरण आसानी से 1 दिन में नीति एवं नियमों का निर्माण कर, कर सकती है तथा इसमें गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले शिक्षक संघ एकीकृत की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो सकती है क्योंकि एकीकृत संगठन द्वारा राज्य के शिक्षकों के लिए एक राज्य स्तरीय शिक्षक स्थानांतरण एवं परिवेदना समिति का गठन भी किया जा चुका है।

राज्य स्तरीय समिति के सचिव उदयपुर के गोपाल सिंह आसोलिया प्रदेश मीडिया प्रभारी को बनाया गया है जिनके पास राजस्थान के समस्त जिलों से परिवेदनाए भी प्राप्त हो चुकी है एवं नियमानुसार शिक्षा मंत्री को सौंप दी गई है जिसकी भूमिका एवं सेवा सरकार निष्पक्ष रुप में ले सकती है अन्यथा केवल डिजायर प्रथा तथा अन्य तरीकों से ताबडतोड स्थानांतरण करने से सरकार को शिक्षकों की नाराजगी ही मोल लेनी होगी एवं शिक्षकों में अनावश्यक भय एवं अराजकता का माहौल पैदा होगा तथा सरकार के प्रति नाराजगी बढेगी।



राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया, प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण जोशी, सभाध्यक्ष पुष्पराज शक्तावत आदि ने शिक्षकों के स्थानांतरण शीघ्र करने की मांग की।